वेल्स ने किया यूपी के उद्यमियों को आमंत्रित

सीआईआई और वेल्स गवर्नमेंट इंडिया ऑफिस के बीच हुआ संवाद कार्यक्रम।

लखनऊ। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने भारत और वेल्स (यूनाइटेड किंगडम) के बीच निवेश, नवाचार और व्यापार साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को विशेष संवाद का आयोजन किया।

भारतीय उद्योगपति और वेल्स गवर्नमेंट इंडिया ऑफिस के बीच संवाद का उद्देश्य भारतीय व्यवसायियों को वेल्स, यूके और यूरोप में अवसरों की खोज करना था। साथ ही वेल्स कंपनियों के लिए भारतीय बाजार में संभावनाओं की तलाश करना था। वेल्स ने यूपी के उद्यमियों को आमंत्रित भी किया।

सत्र में सीआईआई उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष और पीटीसी इंडस्ट्रीज की निदेशक स्मिता अग्रवाल ने कहा कि इस बैठक से भारत और वेल्स के बीच बढ़ते और मजबूत होते संबंध और प्रगाढ़ हुए हैं। सेमीकंडक्टर्स, अक्षय ऊर्जा और जीवन विज्ञान जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

वहीं, वेल्स गवर्नमेंट के इंडिया प्रमुख मिचेल थीकर ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वेल्स में मजबूत व्यावसायिक तंत्र है, जिसमें विश्वस्तरीय अनुसंधान, कुशल कार्यबल और मजबूत सरकारी सहयोग शामिल है। ब्यूरो